कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001

फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2713724, 2712014

संख्या 110 /XXV–12/2008(P-2) देहरादून : दिनांक 20 फरवरी, 2013

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी एवं
सहायक आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग,
लाडपुर रिंग रोड़,
मसूरी बायपास, देहरादून।

विषय:- **सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 के अर्न्तगत वांछित सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्र के हस्तान्तरण के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक श्री राजेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, नगर पंचायत, देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, निवासी वाह बाजार, देवप्रयाग, गढ़वाल द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के अर्न्तगत वांछित 04 बिन्दुओं से संबंधित आवेदन पत्र दिनांक 05 फरवरी, 2013 की प्रतिलिपि संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही हैं कि आवेदक द्वारा वांछित सूचनायें आपके कार्यालय/विभाग से संबधित हैं।

अतः कृपया आवेदक द्वारा वांछित सूचनायें सीधे आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्न-यथोपरि।

भवदीय,

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

संख्या एवं दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपि श्री राजेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, नगर पंचायत, देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, निवासी वाह बाजार, देवप्रयाग, गढ़वाल को उनके उक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

सेवामें,

लोक सूचना अधिकारी,
मुख्य चुनाव आयुक्त,
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत निम्नलिखित सूचनायें उपलब्ध कराने का कष्ट करें:–

1– जिला पंचायत सदस्य को चुने जाने हेतु ग्राम सभा की मतदाता सूची में नाम का अंकन किस अवधि के अन्तर्गत सम्मिलित होना चाहिये, की सूचना ।

2– यदि ग्राम सभा की मतदाता सूची से नगर क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम का अंकन किया जाना हो तो उस हेतु कितनी अवधि का अन्तराल बीच में होना चाहिये, की सूचना।

3– यदि जिला पंचायत सदस्य ने अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया हो तो नगर क्षेत्र की मतदाता सूची में कितने समय बाद नाम अंकन किया जा सकता है, की सूचना।

4– नगर निर्वाचन 2013 के लिये तैयार मतदाता सूची में नाम अंकन के लिये ग्राम क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में नाम अंकन हेतु कितनी अवधि का अन्तराल मान्य है, की सूचना।

कृपया उक्त सूचना हेतु मै आवेदन शुल्क तथा अन्य सूचनाओं की प्राप्ति हेतु **पोस्टल आर्डर सॅ0 243983 दिनॉक 5.2.2013, रू0 100–00, सॅ0 243984 दिनॉक 5.2.2013 रू0 100–00 तथा पोस्टल आर्डर सॅ0 472755 दिनॉक 5.2.2013 रू0 10–00 अर्थात कुल रू0 210–00 संलग्न** कर इस आशय से प्रेषित कर रहा हूँ कि कृपया उक्त सूचनायें मुझे निर्धारित अवधि के अन्तर्गत निम्न पते पर उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।

संलग्नकः उक्त तीन पोस्टल आर्डर रू0 210–00

प्रार्थी
Rku 5/2/13
(राजेश अग्रवाल)
पूर्व अध्यक्ष,
नगर पंचायत देवप्रयाग, टिहरी गढवाल
निवास– बाह बाजार, देवप्रयाग, गढवाल

प्रतिलिपिः मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयोग, डिफेन्स कालोनी, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(राजेश अग्रवाल)
पूर्व अध्यक्ष,
नगर पंचायत देवप्रयाग, टिहरी गढवाल
निवास– बाह बाजार, देवप्रयाग, गढवाल